**Publication: - Rajasthan Patrika Dt. 22/01/2016**
**Edition: - Kota –Baran**
**Subject: - Coverage of winter wear distribution in adopted schools.**

# सामाजिक सरोकार के कार्यों से जरूरतमंदों को मिलती है राहत

**अटरू.** विधायक रामपाल मेघवाल ने कहा है कि कवाई अदानी पावर प्लांट द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े कई कार्य कर रहा है। विधायक गुरुवार को यहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को स्वेटर वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। इस अवसर पर अदानी फाउण्डेशन के कोर्डिनेटर गोपाल सिंह देवड़ा ने कहा कि प्लांट द्वारा समय-समय पर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को खेलखूद सामग्री आदि भी वितरित की गई है। इस वर्ष भी प्लांट द्वारा गोद लिए गए 40 सरकारी विद्यालयों एवं आगंनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को करीब 6 हजार स्वेटर-जर्सी वितरित किए गए है। अतः में संस्था प्रधान भुवेनश भार्गव ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इसके बाद प्लांट द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नवीन अटरू, कालबेलिया बस्ती, गणेश मोहल्ला व रामनगर विद्यालय में स्वेटर वितरित किए।

अटरू में अदानी फाउण्डेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरित करते अतिथि।

कार्यक्रम में फाउण्डेशन के दीपक मालवीय, भाजपा नेता प्रमोद शर्मा, बृजमोहन सोनी, कुलदीप त्यागी, संजय दायमा सहित अनेक लोग मौजूद थे। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आटोन के प्रधानाचार्य प्रहलाद गौड़ ने बताया कि बुधवार को अदानी फाउण्डेशन के मालवीय की अगुवाई में विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। (पत्रिका संवाददाता)